DATE :- 13-03-2026
DAINIK BHASKAR, PAGE-2, SURAT

सिटी एंकर

सरकार ने अहमदाबाद के लिए 10 और सूरत के लिए 24 ट्रेनसेट के ऑर्डर दिए

जून में सूरत को मिल सकती हैं 3 ड्राइवरलेस मेट्रो ट्रेनें, इनमें रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ऑटोमेटेड ब्रेकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं होंगी

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

24 मेट्रो ट्रेन जून के महीने में सूरत आ सकती हैं। राज्य सरकार ने सूरत मेट्रो के लिए 24 और अहमदाबाद मेट्रो फेज-2 के लिए 10 नए ट्रेनसेट का ऑर्डर दिया है। इन ट्रेनों का निर्माण कोलकाता स्थित टिटागढ़ की आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में किया जा रहा है। सूरत मेट्रो लाइन-1 का काम 90% पूरा हो चुका है, जिससे सूरत की मेट्रो ट्रेनों की डिलीवरी इसी साल जून तक हो सकती है। सूरत शहर में करीब 40.3 किमी लंबे मेट्रो नेटवर्क का निर्माण तेजी से चल रहा है।

नई मेट्रो ट्रेनें शुरू होने से शहर में यातायात का दबाव कम होगा और तेजी से बढ़ती आबादी को सुविधाजनक और आधुनिक परिवहन विकल्प मिलेगा।

यात्रियों को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी

राज्य सरकार के अनुसार सूरत मेट्रो के लिए मंगाए गए 24 ट्रेनसेट शहर में मेट्रो सेवा के संचालन की रीढ़ बनेंगे। इससे यात्रियों को तेज, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी। वहीं अहमदाबाद मेट्रो फेज-2 के तहत अहमदाबाद-गांधीनगर कॉरिडोर में 10 नए ट्रेनसेट जुड़ने से ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ेगी और यात्रियों का इंतजार समय कम होगा।

▪ गुजरात में 108 किलोमीटर तक फैला मेट्रो रेल नेटवर्क | फिलहाल गुजरात में मेट्रो रेल नेटवर्क करीब 108 किलोमीटर तक फैल चुका है, जिसे आने वाले वर्षों में बढ़ाकर लगभग 190 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना है। इसमें एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए प्रस्तावित 6.04 किलोमीटर लंबी लाइन भी शामिल है।

ट्रेनों में फायर डिटेक्शन के साथ सीसीटीवी निगरानी

नई मेट्रो ट्रेनें ड्राइवरलेस तकनीक से लैस होंगी। इनमें रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ऑटोमेटेड ब्रेकिंग सिस्टम, सीसीटीवी निगरानी, फायर डिटेक्शन और फेल-सेफ डोर ऑपरेशन जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी। इससे यात्रियों की सुरक्षा और सफर की विश्वसनीयता और बेहतर होगी।